अतिमहत्वपूर्ण/विशेष प्राथमिकता

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांक–प्राशिप/अनु04/2023/ 1355 **लखनऊ,दिनांक–** 20/06/2023

विषय–सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा जून–2023 के सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम में किसी प्रकार की त्रुटि, clashing आदि की जांच किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद पत्रांक–प्राशिप/अनु04/2022/910 दिनांक 20.05.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परिषद की आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर Upload किया गया था, जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि अथवा Clashing सम्बन्धी सूचना प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

सूच्य है कि परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 08.06.2023 में लिये गये निर्णय के कम में सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/ओनली बैक पेपर परीक्षा, जून–2023 **दिनांक 28.06.2023 से 20.07.2023 के मध्य** आयोजित होना निर्धारित है।

अतः अनुरोध है कि वेबसाइट पर उपलब्ध संशोधित परीक्षा कार्यकम का गम्भीरतापूर्वक भली–भांति पुनः परीक्षण कर लें कि **परीक्षा कार्यकम में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा Clashing तो नहीं है यदि है** तो इसकी सूचना परिषद कार्यालय के अनुभाग–4 की ई0मेल0 anubhag4bte@gmail.com पर दिनांक 22.06.2023 की शाम 05:00 बजे तक प्रत्येक स्थिति में सूचित करना सुनिश्चित करें।

साथ ही **विशेष बैक पेपर के परीक्षा कार्यकम में आपकी संस्था का यदि कोई छात्र ऐसा हो जिसका थ्योरी विषय, विशेष बैक पेपर की स्कीम में नहीं दर्शाया गया हो** तो छात्र का समस्त विवरण सहित तत्काल सूचित करना सुनिश्चित करें।

यदि उपरोक्त निर्धारित तिथि के उपरांत परीक्षा कार्यकम में किसी प्रकार की Clashing सम्बन्धी सूचना प्राप्त नहीं होती है तो परीक्षा कार्यकम अंतिम मान लिया जायेगा।

भवदीय,
20/6/23
(राकेश वर्मा)
ह0 सचिव।

पृ0सं0–प्राशिप/अनु04/2023/ 1356-60 **तद्दिनांक–**

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को अध्यक्ष महोदया के अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/पश्चिम क्षेत्र।
4. समस्त अधिकारी, प्रा0शि0प0, उ0प्र0, लखनऊ।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्रा0शि0प0, को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त परीक्षा कार्यकम को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

20/6/23
(राकेश वर्मा)
ह0 सचिव।